राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 24 12 2019 को आयोजित बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 24 दिसंबर, 2019 को प्रात: 10.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

1.0 श्री अनिल मेहता प्रबन्धक (राजभाषा) ने सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया व विभिन्न विभागों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यो से अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को अवगत कराया |

2.0 अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अपने विभाग का कार्यायलीन समस्त कार्य राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी कार्मिकों को आदेश देवें |

3.0 राजभाषा नियमावली की धारा 3(3) के अनुसार अध्यक्ष महोदय ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने अपने विभाग का अधिकतम कार्य राजभाषा हिन्दी में करने के लिए अनुरोध किया ।

4.0 राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं और उसमें कार्मिकों की भागीदारी की अध्यक्ष महोदय ने प्रशंसा की व इसके अतिरिक्त विद्युत मंत्रालय में पोसोको द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं की सराहना की |

5.0 निदेशक(मानव संसाधन) ने भी सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि दैनिक कार्यायलीन कार्यों को राजभाषा हिन्दी में करें जिससे वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति में आसानी हो |

6.0 वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने अंत में अध्यक्ष एवं सभी गणमान्य सदस्यों का धन्यवाद किया |

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
प्रबन्धक (राजभाषा)
दिनांक 24 दिसंबर 2019